चंद्रशेखर वेंकट रमन का 136वां जन्मदिन एसएमएस में धूमधाम से मनाया गया

DN VERMA November 8, 2023 7 1 minute read

लखनऊ : सर सीवी रमन सेंटर फॉर रिसर्च एंड रिसर्च सेंटर, एसएमएस, लखनऊ में 07 नवम्बर, मंगलवार को चंद्रशेखर वेंकट रमन का 136वाँ जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया| इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के सचिव व मुख्य-कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने सभा में उपस्थित अध्यापको व सेंटर की टीम को उच्च गुणवत्ता को नवाचार पर अधिक बल दिए जाने की प्रेरणा दी| सीवी रमन रिसर्च सेंटर के प्रभारी प्रोफेसर भरत राज सिंह ने सर सीवी रमन के जन्म व शोध पर प्रकाश डाला और बताया कि उनका जन्म 7 नवंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था और बाद में उन्होंने भारत के अग्रणी भौतिकविदों में से एक बड़ा स्थान बनाया। उनके गहन अध्ययनों ने भौतिकी की दुनिया में एक क्रांति ला दी और पहले किसी ने यह नहीं समझा पाया कि समुद्र नीला क्यों दिखाई देता है। परन्तु सीवी रमन को उनकी प्रकाश के प्रकीर्णन पर की गई इस खोज के लिए 1930 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया और वह प्रतिष्ठित पदक जीतने वाले

एशियाई मूल के पहले व्यक्ति थे। प्रकाश के प्रकीर्णन की इस अनोखी खोज को उनके नाम से इसे रमन प्रभाव से नामित किया गया।

इस अवसर पर केंद्र पर उपस्थित लोगों में प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक, तकनीकी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, एसोसिएट निदेशक, डॉ. पी.के. सिंह, डीन-छात्र कल्याण, डॉ. हेमंत कुमार सिंह डीन (इंजीनियरिंग) और सभी विभागो के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे। प्रो. सिंह ने इस केंद्र द्वारा किए गए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव के क्षेत्र में संस्थान द्वारा वैश्विक उपस्थिति दर्ज कराने की सराहना की |

---

https://dastaktimes.org/chandrasekhar-venkata-ramans-136th-birthday-was-celebrated-with-great-pomp-in-sms/